उत्तर प्रदेश होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड

होम्योपैथी भवन

2, नबीउल्लाह मार्ग, लखनऊ-226018

मो0नं0 : 7607355882

ई-मेल-registrar@hmbup.in

पत्रांक-458/एच0एम0बी0/2024 दिनांक 27/06/2024

सेवा में, (द्वारा- बोर्ड वेबसाइट)

प्राचार्य/प्रबन्धक,
समस्त डी0एच0पी0 कालेज, उ0प्र0।
(शैक्षणिक सत्र 2023-25)

विषयः भेषजिक डिप्लोमा इन होम्योपैथिक फार्मासिस्ट (डी0एच0पी0) पाठ्यक्रम के शैक्षणिक सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष (2023-24) की परीक्षा के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक, अवगत कराना है कि सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 में पाठ्यक्रम संचालन हेतु निर्धारित मानक के क्रम में अर्ह पाये गये 173 डी0एच0पी0 कालेजों की सम्बद्धता बोर्ड कार्यालय के पत्र दिनांक 28.07.2023 व दिनांक 31.08.2023 के द्वारा जारी की गयी थी। निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर, 2023-25 के अनुसार उक्त कालेजों में पाठ्यक्रम का संचालन व नियमित पठ्न-पाठ्न का कार्य माह 01 नवम्बर, 2023 से दिनांक 31.05.2024 तक कराया गया।

2- अधिकांश कालेजों द्वारा निर्धारित शैक्षणिक कैलेण्डर के अनुसार उक्त पाठ्यक्रम माह मई, 2024 के अन्तिम सप्ताह में पूर्ण कर लिया गया है व कालेज में अध्ययनरत छात्रों की माहवार बायोमेट्रिक उपस्थिति बोर्ड कार्यालय को उपलब्ध करा दी गयी है। जिसके आधार पर उक्त समस्त कालेजों में अध्ययनरत छात्रों का नामांकन जारी किया जा चुका है। कतिपय कालेज जिनके द्वारा बायोमेट्रिक उपस्थिति बोर्ड कार्यालय को प्राप्त नही करायी गयी है, उनका नामांकन जारी किये जाने के सम्बन्ध में अग्रिम कार्यवाही अद्यतन नही हो सकी है।

3- इसी क्रम में अवगत कराना हे कि नियंत्रक, उ0प्र0 होम्योपैथिक मेडिसिन बोर्ड के निर्देश के क्रम में उक्त शैक्षणिक सत्र के प्रथम वर्ष की परीक्षा कराये जाने हेतु बोर्ड कार्यालय के पत्रांक-351/एच0एम0बी0/2024, दिनांक 07.06.2024 के द्वारा सम्भावित परीक्षा की समय सारणी जारी की जा चुकी है। जिसके क्रम में निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार कराया जाना परीक्षा कराया जाना प्रस्तावित है:-

डी0एच0पी0 पाठ्यक्रम सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 का सम्भावित परीक्षा कार्यक्रम

क्र0सं0	दिनांक	दिन	प्रथम पाली परीक्षा समय 10.00 से 01.00 बजे तक	प्रश्नपत्र	द्वितीय पाली परीक्षा समय 02.00 से 05.00 बजे तक	प्रश्नपत्र
1.	09.07.2024	मंगलवार	Elementary Human Anatomy And Physiology	Paper-Ist	Elementary Human Anatomy And Physiology	Paper-IInd
2.	10.07.2024	बुद्धवार	Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies	Paper-Ist	Introductory Homoeopathy Biochemistry And Twelve Tissue Remedies	Paper-IInd
3.	11.07.2024	वृहस्पतिवार	Clinical Pathology And Toxicology	Paper-Ist	Clinical Pathology And Toxicology	Paper-IInd

4.	12.07.2024	शुक्रवार	Health Education And Community Pharmacy	**Paper-Ist**	Health Education And Community Pharmacy	**Paper-IInd**
5.	15.07.2024	सोमवार	Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry	**Paper-Ist**	Homeopathic Pharmaceutics And Pharmaceutical Chemistry	**Paper-IInd**

नोट :- प्रयोगात्मक परीक्षा का कार्यक्रम पृथक से जारी किया जायेगा।

अतः उक्त के क्रम में डी0एच0पी0 संस्थाओं के प्रबन्धक एवं प्रधानाचार्य से अनुरोध है कि सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष 2023-24 में अध्ययनरत छात्र-छात्राओं की परीक्षा कराये जाने हेतु परीक्षा फार्म पोर्टल दिनांक 28.06.2024 से 05.07.2024 तक खोला जा रहा है, समस्त सम्बन्धित कालेजों के प्राचार्य/प्रबंधक उक्त अवधि में परीक्षा फार्म भराते हुए परीक्षा से सम्बन्धित समस्त औपचारिकताएं पूर्ण कराना सुनिश्चित करें।

प्रकरण अत्यन्त महत्वपूर्ण व समयबद्ध है। इस सम्बन्ध में किसी भी स्तर पर लापरवाही की जाती है तो उसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व सम्बन्धित संस्था के प्राचार्य/प्रबंधक का होगा।

भवदीय,

27/06/2024

(विनय कुमार त्रिपाठी)
रजिस्ट्रार।

<u>पत्रांक संख्या एवं दिनांक तद्दिनांकित।</u>

प्रतिलिपि प्रबन्धक, यू0पी0डेस्को (ओमनी-नेट) लखनऊ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि जिन छात्रों का नामांकन जारी किया गया है उनका सत्र 2023-25 के प्रथम वर्ष (2023-24) का परीक्षा फार्म भरे जाने हेतु ऑनलाइन परीक्षा फार्म पोर्टल दिनांक 28.06.2024 से 05.07.2024 तक खोले जाने की कार्यवाही करने का कष्ट करें।

(विनय कुमार त्रिपाठी),
रजिस्ट्रार।